भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1524

जिसका उत्तर 05 अगस्त, 2024 को दिया जाना है।

.....

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन

1524. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत आवंटित, स्वीकृत और उपयोग की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य-वार घोषित, चालू और वर्तमान में कार्यशील मल-जल उपचार संयंत्रों (एसटीपी) का ब्यौरा क्या है; और

(ग) नवनिर्मित या उन्नत एसटीपी, मल-जल उपचार क्षमता, सहित वर्तमान में कार्यशील एसटीपी का ब्यौरा क्या है, एसटीपी के लिए कितनी धनराशि आवंटित और उपयोग की गई है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री (श्री राज भूषण चौधरी)

(क): पिछले पांच वर्षों में (वित्त वर्ष 2019-2020 से वित्त वर्ष 2023-24 तक) नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों के कायाकल्प के लिए परियोजनाओं/कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को जारी राशि और एनएमसीजी द्वारा विभिन्न एजेंसियों को वितरित धनराशि का वर्षवार विवरण **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख) एवं (ग): जून 2024 तक, 5,282.39 किमी लंबे सीवरेज नेटवर्क बिछाने सहित 6,217.15 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) की उपचार क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के निर्माण और पुनर्वास के लिए 32,070 करोड़ ₹. की लागत से कुल 200 **सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजनाएं** शुरू की गई हैं। इनमें से 3,241.55 एमएलडी क्षमता वाले 120 एसटीपी सहित 4,527.48 किलोमीटर लंबे सीवरेज नेटवर्क का काम पूरा हो चुका है। राज्य-वार परियोजना का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

"स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन" के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को राज्य सभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1524 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

भारत सरकार द्वारा एनएमसीजी को जारी की गई और एनएमसीजी द्वारा संवितरित/जारी की गई धनराशि का विवरण

(करोड़ रु. में)

वित्तीय वर्ष	**भारत सरकार द्वारा एनएमसीजी को जारी की गई धनराशि**	**एनएमसीजी द्वारा संवितरण/जारी की गई धनराशि**
2019-20	1,553.40	2,673.09
2020-21	1,300.00	1,339.97
2021-22	1,900.00	1,892.70
2022-23	2,220.00	2,258.98
2023-24	2,400.00	2,396.10
कुल	9,373.40	10,560.84

(*रिपोर्ट के अनुसार दिनांक 30 जून, 2024 तक उपयोग हुई धनराशि)

अनुलग्नक-II

"स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय मिशन" के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को राज्य सभा में उत्तर दिये जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1524 के भाग (ख) एवं (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

सीवरेज बुनियादी ढांचा परियोजना के तहत परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

(जून, 2024 तक)

सीवरेज परियोजनाएं राज्य-वार	स्वीकृत परियोजनाओ की सं.	एसटीपी की स्वीकृत क्षमता (एमएलडी में)	कुल स्वीकृत लागत (करोड़ ₹. में)	पूरी हो चुकी परियोजनाओं की संख्या	सृजित एसटीपी (एमएलडी में)
उत्तराखंड	42	244.15	1,716.86	36	164.50
उत्तर प्रदेश	69	2,345.53	14,110.34	42	1,045.76
बिहार	38	756.60	6,576.01	15	303.50
झारखंड	5	261.50	1,310.30	2	15.50
पश्चिम बंगाल	29	921.24	4,838.46	14	465.57
हरियाणा	2	145.00	217.87	2	145.00
दिल्ली	9	1,268.00	1,951.03	8	1,064.00
हिमाचल प्रदेश	1	1.72	11.57	1	1.72
राजस्थान	1	36.00	258.48	0	36.00
मध्य प्रदेश	3	237.40	669.92	0	0
मॉड्यूलर एसटीपी विकेंद्रीकृत	1	0	410.00	0	0
कुल	**200**	**6,217.14**	**32,070.84**	**120**	**3,241.55**

नोट: 120 पूर्ण की गई सीवरेज परियोजनाओं के तहत 153 एसटीपी कार्य कर रहे हैं।

*****